महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHIKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

Contact No. 0581-2520487, 2527282, 2523378,
website: www.mjpru.ac.in

पत्रांक : रू.वि. / कु.स.का. / 2020 /

दिनांक : 13.04.2020
शीर्ष प्राथमिकता / अतिमहत्वूर्ण

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / समन्वयक /
अधिष्ठाता छात्र कल्याण / चीफ प्राक्टर एवं
प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक / सचिव / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय ,बरेली।

विषयः कोविड–19 के खतरे से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा जारी "आरोग्य सेतु" मोबाईल ऐप को समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षकों, अधिकारियों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र / छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध कराये गये लिंक के माध्यम से डाउनलोड किये जाने के सम्बन्ध में,

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या 254 / पीएसएमएस / 2020 दिनांक 08.04.2020 एवं विश्वविद्यालय के पत्र संख्या रू.वि. / कु.स.का. / मेमो. / 2020 / दिनांक 09.04.2020 के माध्यम से भारत सरकार द्वारा जारी "आरोग्य सेतु" मोबाईल ऐप को सभी समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर के शिक्षकों, अधिकारियों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र / छात्राओं द्वारा डाउनलोड किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे। यह ऐप android and iOS मोबाईल दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय द्वारा सभी लोगों को उक्त ऐप आसानी से डाउनलोड करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर एक लिंक उपलब्ध कराया गया है, जिसका उपयोग निम्नानुसार किया जा सकेगा :–

1. विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mjpru.ac.in के home page पर दिये गये लिंक Download "Arogya Setu" app के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकेगा।

2. 'आरोग्य सेतु' ऐप डाउनलोड होने के पश्चात् ऐप आपसे मोबाईल नम्बर मॉगेगा जिसे अंकित करते ही एक ओ.टी.पी. दिये गये मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होगा। ओ.टी.पी. सत्यापन के उपरान्त आवश्यक व्यक्तिगत सूचनायें जैसे लिंग / पूरा नाम, उम्र एवं व्यवसाय आदि को उपलब्ध कराना होगा।

3. इसके पश्चात् उक्त मोबाईल ऐप आपसे पिछले 30 दिनों में भारत से बाहर यात्रा किये जाने के सम्बन्ध में सूचना मॉगेगा।

4. उक्त सूचनाये भरने के पश्चात् आपको अपने स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराने हेतु Self Assessment Test करना होगा, जिसमें आपको अपने स्वास्थ्य के सम्बन्ध में मॉगी गयी सूचना उपलब्ध कराने के पश्चात् उक्त ऐप आपको कोविड–19 के खतरे से आपके सुरक्षित अथवा असुरक्षित होने के सम्बन्ध में जानकारी देगा। "आरोग्य सेतु" ऐप आपके मोबाईल मे होने पर यह कोविड–19 के खतरे से सतर्क रहने में सहायता करेगा। 'आरोग्य

Scanned with CamScanner

सेतु' ऐप डाउनलोड करने के उपरान्त अपने मोबाईल की लोकेशन एवं ब्लुटूथ डिवाईस सदैव चालू स्थिति में रखना अनिवार्य है क्योंकि यह ऐप आपके आस–पास कोई कोविड–19 से ग्रस्त व्यक्ति की सूचना देगा जिससे आप सतर्क हो सकें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त सूचनाओं से अवगत होते हुये भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कोविड–19 से बचाव हेतु 'आयोग्य सेतु' ऐप विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध कराये गये लिंक के माध्यम से डाउनलोड करें तथा छात्र/छात्राओं को भी 'आयोग्य सेतु' ऐप डाउनलोड करने हेतु प्रेरित करें।

(डॉ. सुनीता पाण्डेय)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित :–

1. वित्त अधिकारी।
2. परीक्षा नियंत्रक।
3. सहायक कुलसचिव (प्रशासन)।
4. समस्त सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त सूचना अपने सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. श्री रविन्द्र गौतम, प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस आशय से कि कृपया उपरोक्त लिंक तत्काल activate करना सुनिश्चित करें, साथ ही पत्र वेबसाईट पर अपलोड करें तथा समस्त सम्बद्ध महाद्यिालयों को भी ई–मेल किया जाना सुनिश्चित करें।
6. निजी सचिव–कुलपति, मा. कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner